समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


# WTC फाइनल : दूसरे दिन गिरे 14 विकेट, रबाडा और कमिंस ने मचाया कहर


Publisher

Published on 13 Jun 2025




## टेस्ट चैपिंयनशिप फाइनल मे गेदंबाजों का जलवा, ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 218 रन

लॉड्र्स में चल रहे **विश्व टेस्ट चैपिंयनशिप फाइनल** के दूसरे दिन का खेल पूरी तरह **गेदंबाजों के नाम** रहा। **दूसरे दिन कुल 14 विकेट गिरे** और **मैच रोमांचक मोड़** पर पहुंच चुका है। जहां एक ओर **साउथ अफ्रीका** की **पहली पारी 138 रन** पर सिमटी, वहीं **दूसरी पारी मे ऑस्ट्रेलिया ने भी 144/8 तक संघर्ष** किया।

**ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी – शुरुआती झटकों के बाद कैरी-स्टार्क ने की वापसी की कोशिश।**

दूसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने **8 विकेट पर 144 रन** बना लिए थे।
टीम ने **66 रन पर 6 विकेट** गंवा दिए थे, लेकिन **एलेक्स कैरी (43)** और **मिचेल स्टार्क (नाबाद 16)** ने सातवें विकेट के लिए **61 रनों** की साझेदारी कर टीम को संभाला।

**ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त अब 218 रन हो चुकी है।**
**पहली पारी के आधार पर उसे 74 रन की बढ़त मिली थी।**

**साउथ अफ्रीका के गेदंबाजों का कहर**
दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाज़ी की:
**कगिसो रबाडा – 3 विकेट**
**लुंगी एंगिडी – 3 विकेट**
**मार्को यानसेन – 1 विकेट**

**वियान मुल्डर – 1 विकेट**

**साउथ अफ्रीका की पहली पारी – बवुमा और बेडिंघम के बाद बिखरी पूरी टीम**

साउथ अफ्रीका ने पहले दिन टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया था और ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रन पर समेट दिया था।

इसके जवाब में अफ्रीकी टीम 138 रन पर ऑल आउट हो गई।
**टॉप ऑर्डर पूरी तरह नाकाम रहा, लेकिन कप्तान टेबां बवुमा (36) और डेविड बेडिंघम (45) ने पांचवे विकेट के लिए 64 रन जोड़े**। इसके बाद पारी लड़खड़ा गई।

**ऑस्ट्रेलिया के गेदंबाजों का प्रदर्शन :**
**पैट कमिंस – 6 विकेट**
**मिचेल स्टार्क – 2 विकेट**
**जोश हेज़लवुड – 1 विकेट**

**ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी – ब्यू वेबस्टर और स्मिथ ने बनाए रन**

पहली पारी में **ऑस्ट्रेलिया ने 212 रन** बनाए।
**ब्यू वेबस्टर (72 रन)** और **स्टीव स्मिथ (66 रन)** ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।
साउथ अफ्रीका की ओर से:
**कगिसो रबाडा – 5 विकेट**
**मार्को यानसेन – 3 विकेट**

मैच का हाल अभी तक:

| **टीम** | **पारी** | **स्कोर** |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 1st | 212 ऑल आउट |
| साउथ अफ्रीका | 1st | 138 ऑल आउट |
| ऑस्ट्रेलिया | 2nd | 144/8 (स्टंप्स – Day 2) |
| **बढ़त –** | | **218 रन** |

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.